हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

लाड़ली बहना योजना की राशि से नवरात्रि में साकार हुई आस्था

मण्डला। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें अपनी आस्था, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी खुशियाँ साकार करने का अवसर भी प्रदान कर रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता महिलाओं के लिए आर्थिक सम्बल बन रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ परिवार और समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त बना रही हैं। इसका उदाहरण श्रीराम वार्ड निवासी श्रीमती नीतू अग्रवाल के जीवन में देखने को मिला। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि से नवरात्रि के पावन पर्व पर माता रानी के श्रृंगार की सामग्री मंगाई और कन्या पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की। उन्होंने श्रद्धा और उल्लास के साथ नवरात्रि का पर्व मनाते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। श्रीमती नीतू अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्राप्त राशि उनके लिए आर्थिक सहयोग का माध्यम बनी है। इस राशि से वे नवरात्रि के अवसर पर माता रानी का श्रृंगार कर सकीं और कन्या पूजन की परम्परा को उत्साहपूर्वक निभा सकीं। उन्होंने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता महिलाओं को अपनी जरूरतों के अनुसार खर्च करने, परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने में सहयोग प्रदान कर रही है।

बेटी की शिक्षा और भविष्य की जरूरतों के लिए सुरक्षित निवेश का अवसर

सुकन्या समृद्धि योजना से बेटियों को आर्थिक सुरक्षा

*** दीर्घकालीन बचत करने का मिलता है इसमें अवसर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित सुकन्या समृद्धि योजना अभिभावकों को अपनी बेटियों के नाम पर दीर्घकालीन बचत करने का अवसर प्रदान करती है। केंद्र सरकार की इस योजना के माध्यम से अभिभावक बेटी की शिक्षा, उच्च अध्ययन और भविष्य की अन्य आवश्यकताओं के लिए आर्थिक तैयारी कर सकते हैं। छोटी-छोटी बचत के जरिए बेटी के भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।



10 वर्ष से कम आयु की बेटी के नाम खुलवा सकते हैं खाता

सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बेटी के 10 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले उसके नाम पर खाता खुलवाया जा सकता है। खाता माता-पिता या कानूनी अभिभावक द्वारा अधिकृत बैंक अथवा डाकघर में खुलवाया जाता है। सामान्यतः एक परिवार में अधिकतम दो बेटियों के नाम खाते खोले जा सकते हैं। जुड़वां या एक साथ जन्मी बेटियों से संबंधित निर्धारित अपवादों में अतिरिक्त खाते की अनुमति का प्रावधान है।



न्यूनतम 250 रुपये से कर सकते हैं शुरुआत

योजना में एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये जमा करना आवश्यक है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना जमा किए जा सकते हैं। खाते में 15 वर्ष तक जमा किया जा सकता है तथा खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष बाद खाता परिपक्व होता है। योजना की ब्याज दर समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है। ब्याज चक्रवृद्धि आधार पर जुड़ता है, जिससे लंबी अवधि में बचत बढ़ने का अवसर मिलता है।

बेटी की शिक्षा और भविष्य के लिए उपयोगी

सुकन्या समृद्धि खाते में निर्धारित शर्तों के अनुसार बेटी की उच्च शिक्षा के लिए आंशिक निकासी की सुविधा उपलब्ध है। सामान्यतः बेटी के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने या 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, जो भी पहले हो, निर्धारित पात्रता एवं दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा के लिए निकासी की जा सकती है। योजना की परिपक्वता पर नियमानुसार जमा राशि और ब्याज प्राप्त होता है।

ऐसे खुलवाएं खाता

बेटी के माता-पिता या कानूनी अभिभावक नजदीकी डाकघर अथवा अधिकृत बैंक शाखा में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन के लिए बेटी का जन्म प्रमाणपत्र, अभिभावक का पहचान एवं पते का प्रमाण, फोटो और संबंधित संस्थान द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाता खोला जाता है।

आज की बचत, बेटी के कल की तैयारी

सुकन्या समृद्धि योजना अभिभावकों को बेटी के जन्म से ही उसके भविष्य के लिए बचत की आदत विकसित करने का अवसर देती है। नियमित निवेश और लंबी अवधि की बचत के माध्यम से परिवार बेटी की शिक्षा और भविष्य की आर्थिक जरूरतों के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं।

क्या घर बैठे अधिकारियों ने कर दिया भौतिक सत्यापन



*** 60 लाख 36 हजार 500 रूपये की सामग्री का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास बिछिया, मोहगांव, मवई, घुघरी, निवास, नारायणगंज एवं बीजाडांडी में वर्ष 2025 में रोटी मैकिंग मशीन, सोलर वॉटर हीटर, पलंग एवं गद्दे क्रय किये गये इन सामग्रियों के कार्यादेश जिला शिक्षा अधिकारी/डीपीसी समग्र शिक्षा (से.के.एजु.) मण्डला द्वारा जारी किये गये इस पूरी खरीदी में नियमों की अनदेखी कर न केवल संबंधित फर्म को जमकर लाभ पहुंचाया गया बल्कि इस प्रक्रिया में शामिल अधिकारी भी मालामाल हुये हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि रोटी मैकिंग मशीन, पलंग, गद्दे और सोलर वॉटर हीटर के लिये एक सी तीन फर्मों ने ही टेंडर डाले जिनके मूल्य तय दर के बहुत नजदीक थे। जनचर्चा है कि ये तीनों निविदायें एक ही व्यक्ति द्वारा डाली गई है इसमें से तीन ऑर्डर मण्डला की फर्म अचल इंटरप्राजेज को एवं एक खंडलेवार इंटरप्राजेज इंदौर को प्राप्त हुये। जो सामग्री छात्रावासों तक पहुंची उसके भौतिक सत्यापन हेतु जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर तो किये लेकिन दिनांक सिर्फ सहायक समन्वयक (आईटी) द्वारा ही डाली गई है इन सभी अधिकारियों ने गद्दे की मोटाई 2.9 फिट अंकित की है अब समझ से परे है कि लगभग पौने तीन फिट मोटाई का गद्दा आखिर किन छात्रावासों को दिया गया और जब उसका भौतिक सत्यापन हुआ है तो फिर इतनी मोटाई का गद्दा नजर क्यों नहीं आ रहा। इसके अलावा स्टॉक रजिस्टर के किस पेज में सामग्री अंकित की गई उसका भी कोई उल्लेख नहीं है।





मंडला पुलिस ने राष्ट्रीय मोटर साइकिल रैली का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन में कल मंडला पुलिस द्वारा एकता नगर, गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने रवाना हुई राष्ट्रीय मोटर साइकिल रैली में शामिल ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के दलों का मंडला पुलिस द्वारा एमपीटी (MPT), मंडला में स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान मंडला पुलिस के उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैली में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत कराया गया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के पश्चात दोनों राज्यों के पुलिस दल जबलपुर के लिए रवाना हुए, जहाँ उनका रात्रि विश्राम प्रस्तावित था। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतीश चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, निरीक्षक वेदराम हनोते एवं सूबेदार योगेश राजपूत उपस्थित रहे।





आनंदम (दुआओं का घर) के नव निर्मित भवन में जरूरतमंदों के लिए सामग्री दान करने की अपील.....

मण्डला। वर्ष 2016 से संचालित आनंदम (दुआओं का घर), मंडला के नव निर्मित भवन का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर आमजन से अपील की गई है कि घरों में जरूरत से अधिक रखी उपयोगी वस्तुएं आनंदम में दान करें। कपड़े, जूते-चप्पल, किताबें-कॉपियाँ, बिस्तर, मोबाइल, पेन-पेंसिल, घड़ी, टीवी, कूलर, पंखे सहित ऐसी वस्तुएं, जो अच्छी स्थिति में हैं और उपयोग में नहीं आ रही हैं, उन्हें आनंदम में जमा कराया जा सकता है। ये वस्तुएं यहां आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी साबित होंगी। आपकी अनुपयोगी वस्तु किसी जरूरतमंद के लिए मददगार बन सकती है। आइए, इस पहल से जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाएं और सेवा व सहयोग की भावना को आगे बढ़ाएं।

नवरात्र | **मुक्ति मार्ग में माता महाकाली दरबार में महाआरती आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु।**

बस स्टैंड माँ दुर्गा पंडाल में विशाल देवी जागरण

*** भजन गायक गणेश सूर्यवंशी, अमीषा टांडिया, कृष्ण विश्कर्मा ने बांधा समा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



नगर में नवरात्रि के अंतिम अष्टमी नवमी के दिन जहां पंडालों में हवन पूजन किया गया वही एक दिन पूर्व बस स्टैंड के दुर्गा दरबार में विशाल देवी जागरण, भजन गायक गणेश सूर्यवंशी, अमीषा टांडिया, कृष्ण विश्कर्मा, ने अपने भजन गयनो में समा बांधा ओर माता रानी के भजनों में लीन हजारों श्रद्धालुओं अपना धैर्य बनाए नहीं रख पाए ओर माता की भक्ति में झूम उठे इस अवसर पर पंडाल में दर्शकों को स्वल्पाहार रात भर चला सुबह होते ही पंडाल में महिलाओं ने माँ गौरी का आशीर्वाद के लिए सुहगली पूजा कर सभी को सुहाग का समान वितरण कर माता का आशीर्वाद लिया देर मध्यान अष्टमी पूजन का हवन सभी ने किया। इस अवसर पर नगर के सभी दुर्गा पंडालों में गरबा नृत्य के रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे कही गरबा डांस नृत्य चल रहा है तो कही जस भजन सुहागले पूजन माता के दरबार में नित किए जा रहे। जैसे-जैसे नव रात्रि अंतिम दिनों में पहुंच रही है, माता के दरबार पंडालों में आरती महा आरती के समय दर्शनार्थीयो की भीड़ बढ़ने लगी है विगत दिनों मुक्ति मार्ग माता महाकाली के पंडाल में माता महाकाली की महाआरती और माता के दरबार में भक्ति भाव के जस आरती में हजारों लोग भक्ति भाव में झूम उठे, महाआरती में भाव विभोर श्रोता हजारों की संख्या में देर रात तक झूमते देखे गए। इसी तरह नगर वेयर हाउस कॉम्प्लेक्स में गरबा डांस नृत्य का आयोजन लगा तार रात्रि कालीन किया जा रहा है। जहां लोगों ने गरबा में हिस्सा लेकर गरबा का आनंद ले रहे हैं। इन सभी के अलावा मुक्ति मार्ग धाम में स्थापित महा काली महोत्सव में प्रति दिन जोश से भरी महाआरती का समय होते ही ग्राउंड में श्रोताओं से भर जाता हैं। स्थानीय बस स्टैंड में रोज रात्रि में महा आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं से भर जाता है।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिल रहा सम्पत्ति के अधिकार का अभिलेख

*** मंडला जिले में अब तक 1197 रजिस्ट्रियाँ स्वीकृत।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर बने मकानों के स्वामित्व का अभिलेख उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को अपनी सम्पत्ति का अधिकार प्रमाणित करने का अवसर मिल रहा है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर पात्र संपत्ति धारकों के स्वामित्व अभिलेख की रजिस्ट्री दी जा रही है। इससे ग्रामीणों को अपनी आवासीय संपत्ति का दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

मंडला जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1197 रजिस्ट्रियां स्वीकृत की जा चुकी हैं। जिले में योजना के तहत स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार करने एवं संबंधित प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर जारी है। आगामी चरणों में पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

संपत्ति के स्वामित्व का मिलेगा दस्तावेजी प्रमाण

स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति से संबंधित रजिस्ट्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाती है। स्वामित्व अभिलेख मिलने से संपत्ति की पहचान और उससे जुड़े रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने में सहायता मिलती है। इससे ग्रामीण परिवारों को अपने संपत्ति संबंधी अधिकारों का दस्तावेजी प्रमाण प्राप्त करने में मदद मिलती है।

आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

संपत्ति का आधिकारिक अभिलेख एवं रजिस्ट्री ग्रामीण परिवारों के लिए उपयोगी दस्तावेज है। इससे संपत्ति संबंधी जानकारी स्पष्ट होती है और भविष्य में विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रियाओं में सुविधा मिल सकती है। पात्रता और संबंधित वित्तीय संस्थान के नियमों के अधीन यह अभिलेख ऋण के लिए आवेदन करने में भी सहायक हो सकता है।

कार्यालय न्यायालय नजूल अधिकारी मण्डला

रा.प्र.क्र.(अ-20/3)2025-26
दिनांक 16/10/2026

//इश्तहार //

एतद द्वारा साधारण आम जनता नगर मंडला को सूचित किया जाता है कि आवेदक पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास मंडला संस्था द्वारा मंडला नजूल शीट नंबर 17 प्लाट नंबर 4/1 रकवा 246324 वर्गफुट भूमि में से 500 वर्गमीटर भूमि को योग प्राणायाम भवन प्रयोजनार्थ भूमि हस्तांतरण/आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूमि हस्तांतरित/ आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/10/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक-16/10/2026
पेशी दिनांक-28/10/2026

नजूल अधिकारी ,मण्डला

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं


गाडरवारा। नगर के चौकी मुहल्ला मे स्थापित।


नगर के छिडाव घाट के पास स्थापित प्रतिमा


गणेश मंदिर के स्थापित प्रतिमा।


नया बस स्टेन्ड के पास स्थापित प्रतिमा।


महाकाल तिरहा के स्थापित प्रतिमा।


पुल के पास स्थापित प्रतिमा ।


एमपीईबी कालोनी में स्थापित प्रतिमा।


श्याम टाकीज के पास स्थापित प्रतिमा।


सांईखेड़ा हाई स्कूल ग्राउंड में स्थापित प्रतिमा।


सांईखेड़ा की सेठानी नपा परिषद के पास स्थापित प्रतिमा।


कमला पैलेस के पास स्थापित प्रतिमा।


हरदौल दादा के पास स्थापित प्रतिमा।


किसानी वार्ड में स्थापित प्रतिमा।


आजाद मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा।


महाकाली मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा।


सब्जी बाजार में स्थापित प्रतिमा।


आदि शक्ति मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा।


महामाया समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा।

माँ दुर्गा की प्रतिमाओं सहित जबारे विसर्जन का सिलसिला शुरू होगा आज

दुर्गा नवमी की रात को देवी दर्शन के लिये सड़कों पर उमड़ते देखा गया जन सैलाब









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। माँ दुर्गा के आराधना पर्व शारदेय नवरात्र इस वर्ष शहरवासियों ने बडे ही श्रद्वा, उमंग और उत्साह से मनाया गया। इस वर्ष बीते हुए 11 अक्टूबर से शुरू हुए शारदेय नवरात्रि के चलते कल 19 अक्टूबर तक पूरा शहर आकर्षक विद्युत रोशनी से जगमगता रहा है। वही नवरात्र के अंतिम दिन यानि की दुर्गा नवमी को देवी मंदिरों में पहुंच माताएं, बहिने, पुरूष, युवा मातारानी की पूजन, आरती कर उन्हें विभिन्न व्यंजनों का भोग अर्पित कर उनका आशीष प्राप्त करते हुए देखे गये। वैसे देखा जावे तो इस बार अष्टमी दो दिन होने के चलते लोगों कुछ लोगों ने नवमी का पूजन कल किया तो कुछ लोग आज करेगे..? इस प्रकार से भक्ति गीतों से गूंज रहे शहर में अनेक जगहों पर देवी जागरण, भजन, कीर्तन, सामूहिक दुर्गा सप्तशती, दुर्गाष्टक पाठ के निरंतर आयोजन संपन्न हुये और लोगो ने जहां अपने घरों में माँ दुर्गा जी के अनुष्ठान कराये वही नगर में अनेक जगहों पर मातारानी प्रतिमाओं की स्थापना स्थलों पर लोगों द्वारा कन्या भोज आयोजित किये गये। शारदेय नवरात्र की महा अष्टमी पर बीते शनिवार को जहां लोगों द्वारा देवालयों, देवी मंदिरों में श्रद्वालुओं ने पहुंचकर मातारानी की विशेष पूजा, अर्चना कर उन्हें खीर, पुरी, हलबा का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया और ज्योति कलशों, आस्था के दीपों से सुसज्जित देवी मंदिरों को मातारानी की जय घोष से गुंजा दिया गया। वही दुर्गा नवमी की शुभ बेला में कल सोमवार की रात शहर के सार्वजनिक स्थानों तथा नगर के वार्डो में शारदेय नवरात्र पर्व पर स्थापित माँ भवानी की नयनाविराम प्रतिमाओं की झांकियाँ देखने देर रात तक देवी दरबारों के पट खुले रहने के चलते शहर ओर क्षेत्र के गांवों से आये श्रद्वालुओं की अपार भीड़ शहर की सड़कों पर उमड़ती रही। इस दौरान मातारानी के युवा भक्तों ने मोबाईल पर श्रद्वालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के चित्र लेते हुए एक दूसरे को आदन प्रदान किये तथा लोगों ने शारदेय नवरात्र पर्व का जमकर आनंद उठाया। वही नवरात्र को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं से भी खुश नजर आये। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता था कि रात के समय देवी दर्शन के लिये जब सड़को पर जन समूह उमड़ता था तो शाम 8 बजे से रात 12 बजे तक के लिये सभी प्रकार के वाहन बंद करा दिये जाते थें। वही दूसरी ओर संपूर्ण व्यवस्थाओं पर नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान अपनी टीम के साथ पंचमी से लेकर अंतिम दिवस तक खुद पैदल भ्रमण करते हुये पैनी नजर रखे हुये थें। इस प्रकार से शारदेय नवरात्र उत्सव की नवमी के अवसर पर कल सोमवार को नगर के देवी मंदिरों, माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के स्थापना स्थलों पर मातारानी के हवन, पूजन, कन्या भोज, महा प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गये तथा दुर्गा नवमी के मौके पर नवरात के दौरान व्रत रखने वाले महिलाओं द्वारा भी देवी मंदिरों पर पहुंचकर मातारानी की विशेषस पूजन करते हुये अपनी व परिवार सहित नगर की सुख समृद्वि की कामना की गई। वही शहर में कुछ स्थलों पर स्थापित जबरों के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। मगर आज से लगभग अनेक जगहों पर स्थापित किये गये जवारों के साथ साथ प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्यक्रम शुभारंभ हो जावेगा। वैसे देखा जावे तो विजय दसवी पर्व कुछ लोग आज मना रहे है तो कुछ लोग कल मनाये। बताया जाता है कि माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आज से जहां प्रशासन द्वारा शक्कर नदी में बनाये गये विसर्जन कुंड में किया जावेगा। गौरतलब है कि आज मंगलवार को जहां नगर में स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन बडें ही धूमधाम के साथ किया जावेगा तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व त्यौहार विजयादशमी के चलते शहर की दुर्गोत्सव समितियों की ओर से माँ भगवती की प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजन किया जावेगा। इसके पश्चात दुर्गा प्रतिमाओं व जबारों का विसर्जन शहर की शक्कर नदी के विशेष कुंड में किया जावेगा। मातारानी के विछोह से दुखी हजारों भक्तों की जहां आंखे नम देखी जा रही है। क्योंकि इस साल लगातार दस दिन तक मातारानी की सेवा करने वाले भक्तों को अब मातारानी से बिछड़ने के दिन सहन करना मुश्किल जान पड़ रहा है। इस प्रकार से आज विजय दशमी के अवसर पर नगर के शक्कर नदी में बने हुए विसर्जन कुंड में दिन भर देवी प्रतिमाओं व जबारों का विसर्जन जारी रहेगा। वही दूसरी ओर नगर में अनेक जगहों पर रावण दहन का आयोजन भी होगा, जिसके चलते नगर के युवाओं द्वारा नगर के अन्य स्थलों पर भी लंकाधीश रावण के पुतलों का दहन किये जाने की तैयारियाँ की गई है तो दूसरी ओर रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम शहर के पुराने कालेज ग्राउंड पर किया जावेगा। ज्ञात हो कि यहां पर हर वर्ष राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम आयोजन किया जाता है।

नवरात्र के अष्टम दिवस माँ महागौरी तो नौबे दिवस किया माँ सिद्विदात्री का पूजन

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। वैसे से नवरात्र के दौरान नौ दिन ही माँ भगवती की आराधना के लिये प्रमुख माने जाते है। मगर इन नौ दिनों में माता रानी के अलग अलग स्वरूप देखने मिलते है जिसमें हे माँ महागौरी,नवरात्र के अष्टम दिवस पर भक्तगण उनके दिव्य प्राकट्य का ध्यान करते है। बताया जाता है कि तप और कठोर साधना से तप्त हुई माँ शिव की कृपा से गौरवर्णा बनीं और महागौरी नाम से पूजित हुईं। माँ भगवती का यह स्वरूप अवतरण ही है बल्कि पवित्रता का संदेश देते हुये उनका स्वरूप ही है, भक्ति का प्रमाण। इसलिये भक्त इस दिवस माँ से प्रार्थना काते है कि हे श्वेतवर्णा देवी, आपका रूप पूर्णिमा की चाँदनी-सा निर्मल, आपका आभा मंडल में शांति का विस्तार और आपके श्वेत वस्त्र और आभूषण संसार को यह बताते हैं कि पवित्रता ही सबसे बड़ा आभूषण है। आपकी चार भुजाएँ त्रिशूल, डमरू, वरमुद्रा और अभय से सुसज्जित, आपके करुणा से भरे नेत्र हम भक्तों के संशय को तुरंत हर लेते हैं। आपका वाहन बैल धैर्य, स्थिरता और निष्ठा का प्रतीक है। हे माँ आपके स्वरूप का स्मरण करते ही हमारा हृदय निर्मल हो उठता है। आपकी आराधना में नारियल और गुड़, हलवा और श्वेत पुष्प अर्पित करते है। पर हम भक्तगण जानते है कि माँ आपका सच्चा भोग है हमारा शुद्ध मन, आपका प्रिय उपहार है हमारा सरल जीवन। हे करुणामयी, आपकी कृपा से पापों का शमन होता है, आपके चरणों में दुःख और कष्ट मिट जाते हैं। जो आपके व्रत का पालन करता है, उसे वैवाहिक सुख और पारिवारिक समृद्धि मिलती है,और जो आत्मा की मुक्ति चाहता है, उसे मोक्ष का मार्ग सहज उपलब्ध होता है। आज जब संसार ईर्ष्या, लालच और अशांति से घिरा है, तब





आपका व्रत सबसे प्रासंगिक है। हे भगवती आपकी उपासना मुझे सिखाती है कि भीतर की श्वेतता ही सच्चे सुख का मार्ग है। हे माँ महागौरी,आपके चरणों में यही प्रार्थना है कि हमारा मन निर्मल कर दो, मुझे धैर्य और शांति प्रदान करो, हमें सरल और सहनशील बना दो। आपकी श्वेत आभा से हम भक्तों का जीवन उज्ज्वल कर दे। इसी प्रकार से नौवे दिवस भक्तों ने माँ सिद्धिदात्री के स्वरूप का पूजन करते हुये कहा कि हे माँ सिद्धिदात्री,नवरात्र के नवम दिवस पर आपके दिव्य प्राकट्य का ध्यान करते है, देवताओं, ऋषियों और योगियों ने आपकी कृपा से सिद्धियाँ पाईं,आप ही वह आदि शक्ति हैं जिससे ब्रह्मा को सृष्टि की प्रेरणा मिली, विष्णु को पालन का सामर्थ्य और महादेव को संहार की शक्ति। आपकी कृपा के बिना त्रिलोकी का संचालन ही संभव नहीं है। हे माँ आपका रूप अपार करुणा और ज्ञान का स्रोत है। आप कमलासन पर विराजमान, चार भुजाओं से सुसज्जित एक हाथ में चक्र और दूसरे में गदा तथा तीसरे में शंख और चौथे में कमल पुष्प। आपके नेत्रों में करुणा की गहराई है, हे माँ आपकी वाणी मौन में भी ज्ञान का संचार करती है। आपकी आभा से समस्त दिशाएँ आलोकित हो उठती हैं। आपका प्राकट्य केवल शक्ति का ही नहीं, बल्कि सिद्धियों का दान है। आप वह माँ हैं जो साधक को अष्टसिद्धि और नव निधि देती है, परंतु साथ ही यह भी सिखाती है कि सिद्धियाँ केवल अहंकार के लिए नहीं, बल्कि लोक कल्याण के लिए हैं। हे माँ सिद्धिदात्री आपकी आराधना में मैं कमल और तुलसी के पुष्प अर्पित करते है, आपके चरणों में सुगंधित धूप और दीप जलाते है, भोग स्वरूप मैं दूध और चने का प्रसाद चढ़ाते है। क्योंकि यह सादगी और समर्पण का प्रतीक है। पर हम जानते है कि सच्चा भोग वही है जब हृदय की निष्ठा अर्पित की जाए। आपका आध्यात्मिक स्वरूप योगियों की साधना का लक्ष्य है। आप सहस्रार चक्र में स्थित दिव्य शक्ति हैं,जहाँ पहुँचकर साधक पूर्णता और मुक्ति का अनुभव करता है। आपकी उपासना ही आत्मा को ईश्वर से मिलाती है। हे माँ आपकी कृपा से भक्त भय मुक्त होता है, उसके भीतर ज्ञान और विवेक का दीप जलता है। आपका व्रत रखने वाला सभी पापों से मुक्त होता है,भौतिक सुख प्राप्त करता है और अंततः मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। आज के समय में, जब मनुष्य मोह, भोग और अशांति में डूबा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता पर सवाल, मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस

24 अक्टूबर को उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश, अनुपस्थिति पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।डिंडौरी जिले में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता और तकनीकी खामियों का मामला अब उच्च प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद भी वाहनों को झटके लगने और सड़क की सतह, ढलान व पुलों के एप्रोच में कथित तकनीकी अनियमितताओं को लेकर लोकोपयोगी लोक अदालत ने मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, भोपाल कलेक्टर डिंडौरी सहित प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सभी संबंधित अधिकारियों को 24 अक्टूबर 2026 को उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर आवेदन का गुण-दोष के आधार पर निराकरण किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

मुख्य सचिव को भी जारी हुआ सूचना पत्र

प्रथम जिला न्यायाधीश एवं लोकोपयोगी लोक अदालत के अध्यक्ष डीएस मंडलोई द्वारा 26 सितंबर 2026 को जारी सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि आवेदकगण अधिवक्ता सम्यक जैन व केके सोनी ने जिले में जबलपुर-डिंडौरी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी अनियमितताओं, प्रशासनिक लापरवाही, संविदात्मक उल्लंघनों और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया है। सूचना पत्र में संबंधित आवेदन पर जवाब प्रस्तुत करने के लिए मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को 24 अक्टूबर को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित तिथि पर जवाब नहीं देने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

सड़क बनने के बाद भी झटकों की समस्या बरकरार

अधिवक्ता सम्यक जैन एवं केके सोनी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में राष्ट्रीय राजमार्ग की राइडिंग सरफेस, सड़क की समतलता, ढलान, ग्रेडिएंट और पुलों के एप्रोच सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर सवाल उठाए गए हैं। आवेदकों का कहना है कि निर्माण पूरा होने के बाद भी वाहनों को झटके लगने की समस्या बनी हुई है। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, निर्धारित तकनीकी मानकों के पालन और निर्माण कार्य की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन यात्री और मालवाहक वाहनों की आवाजाही होती है। ऐसे में सड़क की सतह, ऊंचाई-ढलान और पुलों के एप्रोच का निर्धारित मानकों के अनुरूप होना जरूरी है। आवेदकों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ संबंधित अधिकारियों और कंसल्टेंट की भूमिका एवं निगरानी व्यवस्था की भी जांच की मांग उठाई है। हालांकि, सड़क में कथित तकनीकी खामियों की वास्तविक स्थिति और वाहनों को झटके लगने के कारणों की पुष्टि तकनीकी जांच से ही होगी।इस मामले में अब 24 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, कलेक्टर एवं प्रमुख अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों को जारी नोटिस के बाद यह देखना होगा कि विभाग सड़क की गुणवत्ता और उठाई गई तकनीकी आपत्तियों पर क्या जवाब प्रस्तुत करता है। सुनवाई में प्रस्तुत जवाब और आगे की कार्यवाही से मामले की दिशा स्पष्ट होगी।

खबर संक्षेप

शहपुरा मे आज होगा भव्य दशहरा महोत्सव



शहपुरा। विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को शहपुरा में सनातन दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। सनातन दशहरा महोत्सव समिति, शहपुरा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी, राम-रावण युद्ध, विशाल रावण दहन, रंगीन आतिशबाजी और भजन संध्या सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव का आयोजन वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम, शहपुरा में रात्रि 7 बजे से किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति द्वारा श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में दशहरा चल समारोह भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।दशहरा महोत्सव के दौरान भगवान श्रीराम के भव्य दरबार की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया जाएगा, जिसके बाद विशाल रावण के पुतले का दहन होगा। कार्यक्रम में रंगीन आतिशबाजी और संगीतमय भजन संध्या के माध्यम से उत्सव को विशेष रूप देने की तैयारी है। विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। दशहरा महोत्सव के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और सदाचार का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया जाएगा। सनातन दशहरा महोत्सव समिति, शहपुरा ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर महोत्सव की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

जैन पेट्रोलियम पर सीएनजी पंप का शुभारंभ



डिंडौरी। जिले में परिवहन एवं ईंधन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक नई पहल हुई है। जैन पेट्रोलियम में नवीन सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) पंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने फीता काटकर पंप का विधिवत उद्घाटन किया। सीएनजी पंप शुरू होने से जिले में इस वैकल्पिक ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी और सीएनजी से संचालित वाहनों के चालकों को स्थानीय स्तर पर सुविधा मिल सकेगी।सीएनजी पंप की शुरुआत से अब जिले के वाहन चालकों को ईंधन भरवाने के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे समय और आवागमन की बचत होने के साथ ही वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। जिले में ईंधन संबंधी सुविधाओं के विस्तार के लिहाज से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।स्थानीय स्तर पर सीएनजी की उपलब्धता बढ़ने से नागरिकों को सुविधा मिलने के साथ वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सीएनजी पंप का शुभारंभ जिले की परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जिससे सीएनजी चालित वाहनों के उपयोगकर्ताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

यातायात व्यवस्था, शाम 6 बजे से मुख्य मार्ग पर वाहनों की नो-एंट्री

डिंडौरी। दशहरा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों की संभावित भीड़ को देखते हुए डिंडौरी यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। जारी एडवाइजरी के अनुसार, आज 20 अक्टूबर को शाम 6 बजे से कलेक्ट्रेट तिराहा से अवंती बाई चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग पर दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ तूफान, बस एवं अन्य भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान मार्ग पर केवल पैदल यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी।दशहरा पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट परिसर के खेल मैदान और जबलपुर बस स्टैंड (अवंती बाई चौक) पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने दर्शनार्थियों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

शहडोल जोन कबड्डी प्रतियोगिता में डिंडोरी की टीम ने हासिल किया दूसरा स्थान





डिंडोरी। जिला कबड्डी संघ डिंडोरी द्वारा कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक भवन, पुल पार में सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन शहडोल जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।शहडोल में आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और डिंडोरी की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिंडोरी की टीम ने जोन में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को अब 23 अक्टूबर 2026 को जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता में कमलेश कुमार मरावी, सुदेश मरावी, प्रदीप परस्ते, सुशील धुर्वे, श्याम धुर्वे, आसाराम, देवेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, बलराम सिंह, वीरेंद्र यादव, संतोष पोशाम, गावस्कर, गजेंद्र एवं प्रवीण मरावी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विधायक ओमकार मरकाम, शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और कबड्डी खेल में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान चेतराम अहिरवार, ओम नमः शिवाय, राम परस्ते, अजय मरावी एवं खेल अधिकारी मोहम्मद अहमद ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।जिला कबड्डी संघ ने आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने की अपील की है। खिलाड़ियों को सुबह एवं शाम नर्मदा पुल के पास स्थित सामुदायिक भवन में अभ्यास के लिए उपस्थित होने को कहा गया है। इसके साथ ही 29 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी खिलाड़ियों को तैयारी करने का अवसर मिलेगा।



शहपुरा मानिकपुर क्षेत्र में नवमी तिथि के दिन जगह-जगह हुआ कन्या भोज का आयोजन

शहपुरा – नवरात्रि के नवमे दिन देवी मंदिरों सहित भक्तों ने अपने घर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया और उनसे आशीर्वाद भी लिया। वही नवरात्र के अंतिम दिन माता स्वरूपा कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिसके चलते शुक्रवार को घर-घर में माता के भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन किया गया। एवं हवन पूजन किया गया, नवरात्र के अंतिम दिन सोमवार को शहपुरा मानिकपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सुबह से ही लोग कन्याओं को अपने घर पर बुलाकर पहले उनके पांव पखारे फिर चूडी,बिंदी,महावर, चुनरी ओढ़कर देवी के समान श्रृंगार व आरती के बाद खीर पुडी सब्जी मिठाई हलवा जैसे पकवान खिलाएं नन्ही कन्याओं की पूजा करते हुए सुख समृद्धि की प्रार्थना की इसके साथ ही माता को तरह-तरह के व्यंजन व पकवानों का भोग लगाया गया एवं हवन पूजन किया गया दुर्गा मंदिर एवं विभिन्न मंदिरों में अठवाई व चुनरी चढ़कर आदर पूर्वक उनको भोजन कराया गया नवरात्र के नौ दिनों तक कन्याओं में माता का स्वरूप देखा जाता है इसी परंपरा के अनुसार नवरात्र के अंतिम दिन कन्या भोज कराया जाता है। साथ ही नौ दिनों तक माता का व्रत रखने वाले भक्त कन्या भोज के बाद अपना व्रत तोड़ा। साथ ही कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका सबसे पहले पांव पखारा गया फिर आदर पूर्वक भोजन करने के बाद उनको उपहार स्वरूप सिंगर का सामान सहित रुपए देकर उनका विदाई किया गया।



एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने पदाधिकारियों का किया स्वागत

डिंडौरी।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने एसटी मोर्चा के जिला मंत्री लालू सिंह धुर्वे, बम्हनी मंडल अध्यक्ष संपत लाल धुर्वे तथा समनापुर मंडल अध्यक्ष केसलाल परस्ते का आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जनजातीय समाज के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखना और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करना आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश धूमकेती, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष शिवराम राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमसिंह राजपूत सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न, डिंडौरी के 24 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

शहपुरा– जिले के सांदीपनि विद्यालय खुड़िया में शालेय खेल कैलेंडर 2026-27 के अंतर्गत आयोजित क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में डिंडौरी, मंडला, बालाघाट और सिवनी जिले के करीब 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डिंडौरी जिले के 24 खिलाड़ियों का चयन विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को धार जिले के कुक्षी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, उत्साह और टीम भावना का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, अशोक संत, बीईओ कुशरे, प्राचार्य बघेल तथा जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत शामिल रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में धर्मेंद्र मार्को, गजेंद्र वर्मे, रोहित चंद्रोल, दिलीप सोनवानी, मिथलेश नारते, एलएस परस्ते, सुनीता धुर्वे, सरिता कुलेश और दीपा मरकाम सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। सांदीपनि विद्यालय खुड़िया के समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े लोगों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक दीपभान राठौर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन एएस उदके ने किया। क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन से जिले के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। अब चयनित 24 खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।



स्वामित्व योजना में धीमी प्रगति पर प्रशासन सख्त, पटवारियों पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन एवं प्रकरणों के अंतिम निराकरण में धीमी प्रगति को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शहपुरा, बजाग और डिंडौरी तहसीलों में पटवारीवार कार्यों की समीक्षा करते हुए कम प्रगति और शून्य निष्पादन वाले कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन सहित नियमानुसार विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है।समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सभी संबंधित कर्मचारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण करने और कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।बैठक में बजाग तहसील के आकाश कुमार पटेल, देवेंद्र सिंह गोंड, डिंपल मरावी और बबीता सहित संबंधित पटवारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं, डिंडौरी तहसील में अविनाश, दीपक प्रजापति, पुष्पराज मरावी और नीलमणि मरावी की प्रगति का आकलन किया गया। इसी तरह शहपुरा तहसील के अभिनय राजपूत, अजय सोहनिया, अक्षय कुमार बैगा और अमित कुमार महरा सहित अन्य संबंधित पटवारियों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपलब्ध प्रगति विवरण में जिन कर्मचारियों का निष्पादन शून्य अथवा अपेक्षाकृत कम पाया गया है, उन्हें लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना में केवल कार्य प्रारंभ करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक प्रकरण को अंतिम निष्पादन तक पहुंचाना अनिवार्य है। इसके लिए स्वामित्व प्लॉट और हितग्राहियों की स्थिति का परीक्षण, पटवारी सत्यापन, पंजीयन संबंधी प्रक्रिया तथा प्रकरण प्रस्तुत करने सहित सभी आवश्यक चरणों को समय पर पूरा करना होगा। आगामी समीक्षा बैठक में संबंधित कर्मचारियों की प्रगति का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

12

जबलपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं


रामकृष्ण दुर्गा मंडल राम मंदिर के पास


श्री बाल दुर्गा मंडल मुस्कान पार्क के पास


ओम श्री दुर्गा मंडल सिंधी कॉलोनी नरसिंहपुर


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मंडी तिराहा स्टेशन गंज नरसिंहपुर


मरहई माता दुर्गा मंडल गया दत्त वार्ड


मां तारा देवी दुर्गा मंडल में रोड स्टेशन


श्री नवदुर्गा उत्सव समिति स्टेशनगंज रेलवे नरसिंहपुर


नवीन दुर्गा मंडल नया बस स्टैंड


नवनीत दुर्गा मंडल सकल तिराहा


भगत सिंह दुर्गा मंडल बाहरी रोड


तिरुपुर सुंदरी महाकाली मंडल गुरुद्वारा रोड


स्वतंत्र काली मंडल गुरुद्वारा चौक


श्री दुर्गा उत्सव समिति बाखर के पास


जय भारत काली मंडल शांति चौक


सराफा की रानी सराफा बाजार

दो दिवसीय अंतर्नाद गरबा महोत्सव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज में शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर दो दिवसीय अंतर्नाद डांडिया नाईट 2.0 गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान जिला न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला, जिला न्यायाधीश राकेश सनोडिया एवं दिनेश मीणा, पं. श्री मैथलीशरण तिवारी अध्यक्ष भारत कृषक समाज नरसिंहपुर, संजय शर्मा पूर्व विधायक तेंदूखेड़ा, श्रीमती प्रतिज्ञा परिहार अध्यक्ष जनपद पंचायत करेली, श्रीमती कृष्णा तिवारी, श्रीमती मंजरी पलिया, विनय पलिया, विधिक सेवा अधिकारी राजेश सक्सेना, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, श्रीमती अर्चना तिवारी, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, श्रीमती माधुरी गर्ग, एड. रचित तिवारी डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज नरसिंहपुर, अनुराग चौकसे ए एण्ड आर कन्स्ट्रक्सन अक्षरधाम एवं मनीष इंदोलिया डायरेक्टर नरसिंहपुर लाइव की उपस्थिति में किया गया। भारतीय संस्कृति में शारदेय नवरात्रि माँ जगतजननी की आराधना के महापर्व पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्राचीन परम्परा रही है। देश के विभिन्न अंचलों में लोक शैली पर आधारित गरबा डांडिया समूह नृत्य के माध्यम से शक्ति आराधना की जाती है। कार्यक्रम के दौरान गायक कलाकार राज वर्मा एवं चंचल सिंह नेतृत्व में नगर की मातृशक्ति एवं छात्र-छात्राओं द्वारा शक्ति आराधना पर केन्द्रित मनमोहक गरबा डांडिया की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अखिलेश शुक्ला प्रधान जिला न्यायाधीश नरसिंहपुर, श्रीमती रजनी सिंह कलेक्टर नरसिंहपुर, डी पी चैहान एसडीओपी नरसिंहपुर, गौरव चांटे नगर निरीक्षक थाना कोतवाली नरसिंहपुर, सौरभ पटेल निरीक्षक थाना स्टेशनगंज को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों को गरबा गौरव सम्मान, डांडिया गौरव सम्मान, नृत्य प्रतिभा सम्मान, उत्कृष्ट प्रस्तुति सम्मान, संस्कृति सम्मान, पारंपरिक वेषभूषा सम्मान, गरबा उत्साह सम्मान, डांडिया ऊर्जा सम्मान, नृत्य अभिव्यक्ति सम्मान, उत्कृष्ट ताल सम्मान, सर्व श्रेष्ठ तालमेल सम्मान, गरबा समर्पण सम्मान, डांडिया समर्पण सम्मान, युवा प्रतिभा सम्मान, उभरती प्रतिभा सम्मान, महिला प्रतिभा सम्मान, पुरुष प्रतिभा सम्मान, कपल गरबा सम्मान, पारिवारिक गरबा सम्मान, सर्वश्रेष्ठ मुस्कान सम्मान, मंच आकर्षण सम्मान, गरबा स्टार सम्मान, डांडिया स्टार सम्मान, रास रंग सम्मान, रास रत्न सम्मान, नृत्य रत्न सम्मान, गरबा रत्न सम्मान, डांडिया रत्न सम्मान, संस्कृति रत्न सम्मान, लोककला सम्मान, पारंपरिक कला सम्मान, बेहतरीन स्टाइल सम्मान, बेहतरीन कॉस्ट्यूम सम्मान, शानदार प्रस्तुति सम्मान, मंच उर्जा सम्मान, दर्षक आकर्षण सम्मान, क्रिएटिव गरवा सम्मान, मौलिक प्रस्तुति सम्मान, उत्सव उत्साह सम्मान, गरबा प्रेम सम्मान, डांडिया प्रेम सम्मान, सांस्कृतिक योगदान सम्मान, कला साधना सम्मान, नृत्य साधना सम्मान, विषेष सहभागिता सम्मान, अनंतराथ प्रतिभा सम्मान, पारंपरिक गरबा सम्मान, उत्कृट नृत्य सम्मान, गरबा कला सम्मान, डांडिया कला सम्मान, समग्र नृत्य सम्मान तथा सर्वश्रेष्ठ गरबा समूह हर्षित ओझा, सर्व श्रेष्ठ कपल गरबा अंकित पायल लूनावत, एवं सर्व श्रेष्ठ सोलो गरबा पुरस्कार पुनीषा राजपूत, सर्वश्रेष्ठ डांडिया किंग, सर्वश्रेष्ठ डांडिया क्वीन, सर्वश्रेष्ठ गरबा कपल, श्रेष्ठ सोलो पुरूष, श्रेष्ठ सोला महिला, श्रेष्ठ पांरपरिक पोषाक पुरूष, श्रेष्ठ पांरपरिक पोषाक महिला, श्रेष्ठ डांडिया स्टाइल, श्रेष्ठ गरबा एनर्जी, श्रेष्ठ गरबा फॉमेंषन, श्रेष्ठ अभिव्यक्ति व अनुराग चैकसे, अक्षत साहू, मनीष जैन, मनीष इंदोलिया, नृपेन्द्र इंदोलिया, वैभव दुबे, आदित्य व्यौहार, उदित नामदेव को विषेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आभार इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर एवं मंच संचालन श्रीमती आराधना दुबे, सुश्री दीक्षा केवट, वेदिका स्थापक, प्रतीक्षा राजपूत द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती एवं करवा पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती संध्या कोठारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर, रूबी अनुराग चौकसे , डॉ. आशीष उपाध्याय, डॉ. सीमा उपाध्याय, डॉ. अमित चौकसे , डॉ. राशि चैकसे, डॉ. एम. चेलानी, डॉ. राजेष ठाकुर, पत्रकार नीलेश जाट, सुशांत पुरोहित, गोविन्द दुबे, रोटे. मयंक मनोहर साहू, मुकेश नेमा, ठा. आकाश सिंह, रीतेश राय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं एम.आई.एम.टी. स्टॉफ मेम्बर्स उपस्थित रहें।





बाखर की महारानी के दरबार में सुहागलों आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बाखर की महारानी के दरबार में सुहागलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मातृशक्ति की उपस्थिति रही। आयोजन में पारंपरिक मान्यताओं और धार्मिक आस्था का भाव देखने को मिला। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सामूहिक सहभागिता का स्वरूप दिया। इस अवसर पर अंजलि नितीन नेमा ने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन में सहभागिता, सहयोग और स्नेह प्रदान करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

सांस्कृतिक मंचों से ही निखरती हैं प्रतिभायें और बनता समरसता का भाव



शिक्षा मंत्री के साथ पूर्व विधायक ने पंडाल में की आरती सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों को किया पुरस्कृत

तेंदूखेड़ा। जगत जननी जगदम्बा का महापर्व संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ बनाते हुए अंतिम चरण में पहुंच गया है। नौ दिनों तक जगदंबा की शक्ति सामर्थ्य के साथ खूब सेवा की गई। विगत दिवस गांधी चौक नव दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जगदंबा की आरती पूजन तेंदूखेड़ा पहुंचे म प्र शासन के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने सरस्वती पूजन कन्या पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्पष्ट किया कि यह मंच काफी पुराना मंच है और बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता चला आ रहा है। इन्हीं मंचों से प्रतिभायें निकलकर आगे पहुंचती हैं और क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं।एक समरसता का भाव भी देखने को मिलता है बगैर किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर आगे बढ़ाते हैं।पूर्व विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि जगत जननी जगदम्बा की कृपा छत्रछाया सदैव इसी तरह से इस क्षेत्र पर बनी रहे।सुख समृद्धि के साथ सभी निरोग रहें ऐसी मां भगवती से कामना करते हैं। इसके पूर्व दोनों अतिथियों का समीति के द्वारा राजीव अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर नगर परिषद के अध्यक्ष विष्णु शर्मा नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा शचींद्र मोदी महेंद्र तिजोडी वाले नरेंद्र नायक सुनील जैन अशोक राय राधेश्याम रपरया अरविंद राय बीरेंद्र मोदी नारायण दास महंत अजय गुप्ता रामकुमार ठाकुर सोनू महाराज डालचंद पटेल अजय जैन राजेश राय रुपम विश्वकर्मा मनकेडी वाले मनीष चौबे सहित श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मलखान सिंह पटेल विद्यालय का स्टाफ और नव दुर्गोत्सव समिति के सदस्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नवीन नव दुर्गोत्सव समिति नगरिया मंदिर परिसर में पहुंच कर जगत जननी के दर्शन करने के उपरांत बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।





लोकगीत महोत्सव आज



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। आज 20 अक्टूबर को दशहरा पर आयोजित विविध कार्यक्रमों के तहत लोकगीत महोत्सव का कार्यक्रम होगा। जिसकी व्यापक तैयारी की रही हैं। जनपद कॉम्पलेक्स परिसर में आयोजित लोकगीत महोत्सव में प्रसिद्ध गायक कलाकार चंद्रभान वासुदेव की मनमोहक लोकगीत प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मंच संचालन सुनील पटेल हास्य कवि कनैतिया करेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक मौजूद रहेंगे। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन ने सभी से उपस्थित की अपील की है।







दशहरा महोत्सव एवं रावण दहन आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। दशहरा महोत्सव, सांस्कृतिक संध्या एवं रावण दहन का आयोजन आज किया जाएगा। दशहरा पर्व पर नगर और पूरे जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में आज स्टेडियम ग्राउण्ड शाम 7:30 बजे से रावण के विशाल पुतले दहन किया जाएगा। जाट महासभा एवं जाट महिला महासभा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राव उदय प्रताप सिंह स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, अध्यक्षता अश्विनी धोरेलिया अध्यक्ष जाट महासभा एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश सोनी पूर्व राज्यसभा सांसद, नीरज महाराज अध्यक्ष नगर पालिका, अभिलाष मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, अभिनेन्द्र नागौलिया वरिष्ठ भाजपा नेता, ठा. राजीव सिंह पूर्व महामंत्री भाजपा, नवीन अग्रवाल समाजसेवी, विक्रांत पटैल समाजसेवी होंगे। कार्यक्रम में सभी से उपस्थित अपील की गई है।





